1.

# डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**
**Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in**

पत्रांकःसीओई–457/FNo.COE-63-Vol-I/I&IISem/AnnualExam-Nov/Dec.2024/सम्बद्धता/परीक्षा/2024-25 दिनांक 27.11.2024

## आवश्यक सूचना

**{विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थाओं/महाविद्यालयों में बैच–2022–23/2023–24 के संगत संचालित पाठ्यकमों में पंजीकृत विद्यार्थियों की प्रथम एवं द्वितीय अधिसत्र/वार्षिकी परीक्षा–माह नवम्बर/दिसम्बर, 2024 हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन भराये जाने के संबंध में}**

विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की 16वीं बैठक के निर्गत कार्यवृत्त पत्रांक 1477/पत्रा.सं0सीओई–31(II)/डीएसएमएनआरयू/परीक्षा समिति/2024–25 दिनांक 18.11.2024 के निर्णय बिन्दु संख्या 6/16 पर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थाओं/महाविद्यालयों यथा **1)**.महर्षि दयानन्द रिहेबिलिटेशन इन्स्टीटयूट, रॉल, मथुरा–B.Ed.Spl.Ed.H.I.-Batch-2023-24 **2)**.प्रकाश किरण एजूकेशनल इन्स्टीटयूशन, कौशाम्बी–B.Ed.Spl.Ed.(H.I.&V.I.)-Batch-2023-24 **3)**.सोसाइटी फॉर इन्स्टीटयूट ऑफ साइकोलॉजिकल रिसर्च एण्ड हैल्थ, अमरोहा–B.Ed.Spl.Ed.V.I.-Batch-2023-24 **4)**.डॉ0 आर0पी0एस0 इन्स्टीटयूट ऑफ एजूकेशन, मैनपुरी–P.G.D.R.P.-Batch-2023-24 **5)**.मॉ बलिराजी सेवा संस्थान, मिर्जापुर–B.Ed.Spl.Ed. H.I.-Batch-2022-23 **6)**.नई सुबह संस्था, वाराणसी–M.Phil.(Clinical Psychology)-Batch-2022-23 में अध्ययनरत् अर्ह/पात्र पंजीकृत विद्यार्थियों की अधिसत्र/वार्षिकी परीक्षाओं हेतु परीक्षा प्रणाली व्यवस्थान्तर्गत, आवश्यक औपचारिकतायें पूर्ण कराते हुए परीक्षायें आयोजित कराये जाने पर प्रदत्त अनुमोदन एवं उक्त संबंधित सम्बद्ध संस्थाओ/महाविद्यालयों द्वारा प्रथम एवं द्वितीय अधिसत्र/वार्षिकी परीक्षा–माह नवम्बर/दिसम्बर, 2024 **(जो जहॉं लागू हो)**, हेतु प्रेषित किये गये अनुरोध पत्र के दृष्टिगत् **उक्त परीक्षा आयोजन से संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर निर्दिष्ट आवश्यक समस्त औपचारिकताओं को समन्वय स्थापित करते हुए ससमय उक्त संबंधित समस्त सम्बद्ध संस्थाओ/महाविद्यालयों द्वारा पूर्ण करा लिया जायेगा, तभी संगत परीक्षायें आयोजित की जायेंगी," इस प्रतिबन्ध के अधीन विश्वविद्यालय स्तर पर ऑन–लाइन आवेदन भरे जाने हेतु निर्देशित किया जाता है–**

01). तत्कम में विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित पंजीकृत अर्ह/पात्र परीक्षार्थियों की उपरोक्तानुसार प्रस्तावित प्रथम एवं द्वितीय अधिसत्र/वार्षिकी (जो जहॉं लागू हो) परीक्षा–माह नवम्बर/दिसम्बर, 2024 हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित ERP पोर्टल के अन्तर्गत Examination Portal के माध्यम से अपनी नामांकन संख्या/अनुक्रमांक (Enrollment No./Roll No.) भरकर लॉगिन करते हुये **दिनांक 29.11.2024 से दिनांक 07.12.2024 तक** विश्वविद्यालय स्तर पर ऑन–लाइन आवेदन भरेंगे। इस संबंध में आवेदित अभ्यर्थियों/संबंधित सम्बद्ध संस्थाओं/महाविद्यालयों से अपेक्षित है कि वे **बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow (Fee Account) के नाम से संचालित खाता संख्या 36510100000003 (IFSC-BARB0MOHAAN)** में निर्धारित परीक्षा शुल्क धनराशि को मात्र **RTGS/NEFT (अन्य कोई माध्यम नहीं) के माध्यम से ऑनलाइन जमा करेंगे।** निर्धारित व्यवस्थानुसार परीक्षा शुल्क को जमा किये बिना ऑन–लाइन आवेदन की प्रकिया पूर्ण नहीं होगी, अतः परीक्षा सम्पादित नहीं कराई जायेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अभ्यर्थी/सम्बद्ध संस्थान/महाविद्यालय की होगी।

02). ऑन लाइन आवेदन में समस्त प्रविष्टियॉं सावधानीपूर्वक स्वयं भरें, क्योंकि आवेदन में किसी भी प्रकार के संशोधन/परिमार्जन का अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा **और न ही किसी भी दशा में शुल्क वापसी की जायेगी। अपूर्ण आवेदन किसी भी दशा में मान्य नहीं होगा, जिसके लिये आवेदक/संबंधित संस्थान/कॉलेज स्वयं उत्तरदायी होंगे।** अभ्यर्थी ऑन–लाइन भरे हुए परीक्षा–आवेदन एवं जमा किये शुल्क की रसीद सहित मूल प्रति समस्त संलग्नकों सहित अपने संबंधित संस्थान में जमा करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करेंगे तथा उसकी छायाप्रति अपने पास रिकार्ड हेतु अवश्य सुरक्षित रखेंगे।

03). ऑन–लाइन सबमिशन की समस्या हेतु हेल्पलाइन नं0–9667277184/Email-dsmnru.help@gmail.com पर सम्पर्क करेंगे। उपरोक्तानुसार यदि किसी भी स्तर पर परीक्षा आवेदन में दी गई सूचना/विवरण असत्य, भ्रामक, अपूर्ण,

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

अपठनीय/अस्पष्ट आदि पाई जाती है अथवा परिलक्षित होती है तो विश्वविद्यालय को परीक्षा आवेदन निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा तथा उसे उक्त परीक्षा एवं परीक्षा परिणाम से वंचित रखा जायेगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित परीक्षार्थी/सम्बद्ध संस्थान/महाविद्यालय की होगी।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक:सीओई–457/FNo.COE-63-Vol-I/I&IISem/AnnualExam-Nov/Dec.2024/सम्बद्धता/परीक्षा/2024-25 दिनांक 27.11.2024

<u>प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–</u>

1. माननीय कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
3. सिस्टम एनॉलिस्ट, विश्वविद्यालय को वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने हेतु।
4. उपरोक्तानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थान/महाविद्यालय को इस निर्देश के साथ कि वे नियमानुसार ससमय ऑन लाइन परीक्षा आवेदन भराये जाने हेतु निर्दिष्ट औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए आवश्यक कार्यवाही/अनुपालन सुनिश्ति करेंगे तथा ऑनलाइन आवेदन की हार्ड–कॉपी समस्त संलग्नक सहित अनिवार्य रूप से अपने संस्थान में सुरक्षित रखें एवं उससे संबंधित मात्र सूचीबद्ध सम्पर्णू विवरण शुल्क से संबंधित अभिलेख के सहित परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व ससमय अनिवार्य रूप से परीक्षा नियंत्रक कार्यालय को जमा करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही उक्त परीक्षा आयोजन से पूर्व नामांकन फार्म माइग्रेशन आदि संबंधित मय संलग्नक सूचीबद्ध विवरण भी अनिवार्य रूप से दिनांक 09.12.2024 तक प्रत्येक दशा में परीक्षा नियंत्रक कार्यालय को जमा करना सुनिश्चित करेंगे।
5. शाखा प्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा, मोहान रोड, विश्वविद्यालय, परिसर, लखनऊ।
6. प्रतिनिधि, सम्बद्ध एजेन्सी, परीक्षा नियंत्रक कार्यालय को उपरोक्तानुसार अनुपालन तथा दिनांक 09.12.2024 को उक्त आवेदन का संकलित डाटा अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराये जाने हेतु।
7. परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ/अनुभाग।
8. नोटिस बोर्ड।
9. गार्ड फाइल।

27/11/24
(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक